हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 9 जुलाई 2025

06 बारिश से नदी-नाले उफनाये, माचना का बढ़ा जलस्तर...



07 गंदे पानी में समाया हैंडपंप, यहां वहां से पीने के पानी...





## खबर संक्षेप

### संयुक्त संचालक ने किया कार्यालय का निरीक्षण

**नर्मदापुरम।** नवागत संयुक्त संचालक लोक शिक्षण विभाग नर्मदापुरम संभाग डॉ. मनीष वर्मा ने गत दिवस अपने पद का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत डॉ. वर्मा ने विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक आयोजित कर सभी को शासन के निर्देशों का पालन करते हुए सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं पारदर्शिता से करने के निर्देश दिए।

### सांसद निधि से आर्थिक सहायता राशि जारी

**नर्मदापुरम।** राज्य सभा सांसद माया नारोलिया की अनुशंसा पर राज्यसभा सांसद स्वेच्छानुदान से 28 हितग्राहियों को इलाज हेतु क्रमशः 5--5 हजार रुपए की कुल 1 लाख 40 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्यसभा सांसद निधि से भोपाल के बने सिंह, अर्जुन वर्णवाल, संदीप दहिया, सुनील अतुलकर, प्रमोद कुमार, जगदीश सिंह, निर्मला बैरागी, संजय अटूट, रामगोपाल, जया बहादुर, लोकेंद्र मेवाडा, अमन लोहट, सागर स्नेही, चंद नागवंशी, सुरेश मेहरा, सोहन मेवाड़ा, विनोद सिसोदिया आदि को राशी जारी की।

### गत वर्ष इसी अवधि में हुई थी 1567.1 मिमी वर्षा, इस वर्ष अब तक 3715.9 मिमी हुई बारिश

# जमकर बरस रहे बदरा... पिछले वर्ष से अब तक दोगुना हो चुकी है बरसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदांचल में पिछले एक सप्ताह से बारिश का दौर जारी है। अब तब जिले में 3715.9 मिमी बारिश हो चुकी है। जो पिछले वर्ष की तुलना में दोगुनी है।



जिले में लगातार तेज बारिश का दौर जारी है। पचमढ़ी में सोमवार से जारी बारिश में 10 घंटे में 5 इंच से अधिक पानी गिरा। पिछले 24 घंटे में सोहागपुर में सर्वाधिक 7.6 इंच बारिश दर्ज की गई। पचमढ़ी में हो रही बारिश और सारनी के सतपुड़ा डैम के गेट खुलने से तवा डैम तेजी से भर रहा है। 36 घंटे में डैम में 13 फीट पानी बढ़ा है। मंगलवार सुबह डैम का जलस्तर 1138.40 फीट था, जो शाम 6 बजे बढ़कर 1143.70 फीट हो गया। सेठानी घाट पर नर्मदा नदी का जलस्तर भी शाम 6 बजे 950 फीट पहुंच गया। बरगी बांध के 13 गेट खुले होने से नर्मदा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। वहीं प्रशासन द्वारा लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति पर नजर बनाए हुए ताकि अप्रिय घटना का रोका जा सके।

### आज रहेगी स्कूलों की छुट्टी

तेज बारिश को देखते हुए कलेक्टर सोनिया मीना ने 9 जुलाई बुधवार को जिले के सभी सरकारी, निजी, नवोदय और सीबीएससी स्कूलों में एक दिवसीय अवकाश घोषित किया है। हालांकि परीक्षाएं यथावत रहेंगी। छुट्टी के दौरान शिक्षकों को स्कूल आकर एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर नामांकन, छात्रवृत्ति एवं अन्य जानकारियां अपडेट करनी होंगी। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को भी विद्यार्थियों के लिए स्कूलों में छुट्टी घोषित की गई थी।अगले 4

### भारी बारिश का अलर्ट जारी

मौसम विभाग के अनुसार जिले में 9 जुलाई को अति भारी बारिश का अलर्ट है। साथ ही 10 और 11 जुलाई को भी भारी बारिश की संभावना है। राजस्थान से बनी मानसून ट्रफ लाइन प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से होकर गुजर रही है। इसके अतिरिक्त बंगाल की खाड़ी की ओर से भी एक ट्रफ लाइन बनी हुई है। इन दोनों के प्रभाव से अगले पांच दिनों तक जिले सहित आसपास के इलाकों में भारी से अति भारी बारिश का पूर्वानुमान है।

### इस वर्ष पिछले वर्ष से दोगुनी हुई वर्षा, 24 घंटों में सोहागपुर में सर्वाधिक 7.6 इंच बारिश

जिले में 1 जून अब तक जिले में 3715.9 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1567.1 मिमी वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 08 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 455.4मिमी, सिवनीमालवा में 241.0 मिमी, इटारसी में 313.8 मिमी, माखननगर में 241.0 मिमी, सोहागपुर में 497.0 मिमी, पिपरिया में 491.8 मिमी, बनखेड़ी में 658.6 मिमी, पचमढ़ी में 474.0 एवं तहसील डोलरिया में 344.1 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिमी है। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 946.20 फीट है, तवा जलाशय का 1138.40 फीट है, बरगी जलाशय का 419.30 मीटर एवं बारना जलाशय 344.87 मीटर दर्ज किया गया है। सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967 फीट है।

# उपार्जन केंद्रों पर सभी आवश्यक सामग्रियों की पूर्ति करें: कलेक्टर

### मूंग उपार्जन व उर्वरक उपलब्धता की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना ने मंगलवार को मूंग उपार्जन की समीक्षा बैठक आयोजित कर जिले में संचालित खरीदी केंद्रों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने उपार्जन समिति सदस्यों को निर्देशित किया कि वर्तमान वर्षा की स्थिति एवं आगामी मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए सभी खरीदी केंद्रों पर आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जाएं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी केंद्रों पर हम्मालों की सक्रियता बढ़ाई जाए ताकि उपज की तुलाई में में किसी भी प्रकार से अवरोधित न हो। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन के दौरान सभी केंद्रों का सतत निरीक्षण किया जाए तथा समितियों को उपार्जन नीति एवं अन्य निर्देशों से अद्यतन रखा जाए। उन्होंने यह भी भी निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रों पर बारदाने, तौल कांटे, सिलाई मशीन आदि आवश्यक सामग्री पर्याप्त मात्रा में संग्रहित रखी जाएं। कलेक्टर ने जिला विपणन अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी उपार्जन केंद्रों तक बारदाने की आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा न आए और इसकी निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने उप संचालक कृषि, डीआरसीएस एवं जिला विपणन अधिकारी को वीसी के माध्यम से सर्वेयर्स की समीक्षा करने तथा उन्हें उपार्जन प्रक्रिया के लिए और अधिक प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए। पूर्व वर्षों में भंडारित मूंग उपार्जन केंद्रों के वेयरहाउस की सूची भी तैयार करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले में खाद एवं उर्वरक की उपलब्धता की भी विस्तार से समीक्षा की।

# शहर के विभिन्न मार्गों से निकाले गये ताजिए ताजिएदारों और अखाड़ों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मुस्लिम समाज द्वारा मुहर्रम पर्व मनाया गया। सुबह से देर रात तक मुहर्रम का माहोल दिन भर हुई बारिश के बीच बना रहा। मुस्लिम समाज द्वारा नगर में काई स्थानों से ताजिये और अखाड़े निकले गए। पूरे दिन होती रही बारिश के बावजूद ताजिएदारो ने अपने ताजियों को प्लास्टिक की पन्नी से ढक कर शहर में निकाले सभी अपनी सुविधा और समय के अनुसार ताजिये लेकर निकलते रहे।

### सभी दिशाओ से निकले ताजिये

लेडिया बाजार में एकत्र हुए जहां देर रात तक कव्वाली हुई। जिसको सुनने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। यहां से ताजिये 11 जुलाई को विसर्जन स्थल कर्बला घाट



पहुंचेंगे। नगर निगम प्रशासन ने कर्बला घाट पर ताजियों को ठंडा करने की व्यवस्था की गई हैं । हसनी हुसैनी ग्रुप के इमरान उल हक ने बताया कि ताजिये और अखाड़े शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए, कलेक्टेड रोड, टेलीफोन एक्सचेंज चौराहे से होते हुए लांडिया बाजार में इकट्ठे हुए। लेडिया बाजार में ताजियादारो और अखाड़ों को सम्मानित भी किया गया।

# जनसुनवाई में नागरिकों ने लगाई गुहार, 32 आवेदनों पर की गई सुनवाई

### सोहागपुर में जन सुनवाई में आया एक ही आवेदन, मचा हंगामा, बिजली कंपनी के कर्मचारी पर लगाया रिश्वत लेने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सोजन सिंह रावत एवं अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह ने अधिकारियों के साथ जनसामान्य की समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई कर उनका निराकरण किया। जनसुनवाई में आए 32 आवेदनों पर सुनवाई की गई। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का



शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही पिछली जनसुनवाई में आए आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी भी ली। जनसुनवाई में सिटी मजिस्ट्रेट बृजेन्द्र रावत, डिप्टी कलेक्टर डॉ बबिता राठौर सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

### टाउन जेई पर रिश्वत मांगने की हुई शिकायत

**सोहागपुर।** मंगलवार को जन सुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें एक ही आवेदन आया। लेकिन यह भी बड़ा चर्चित हो गया है। आवेदन में शिकायतकर्ता ने टाउन जेई विजय धुर्वे पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। आवेदन में आवेदक राजेंद्र कुरेले पुत्र तुलाराम कुरेले निवासी मातापुरा वार्ड ने उल्लेख किया है कि वह शहर में बिजली कंपनी में उपभोक्ता है। छह जुलाई 2025 को आवेदक की दुकान की बिजली आपूर्ति बिना पूर्व सूचना के काटी गई। जबकि आवेदक ने सभी बिजली बिलों के भुगतान समय पर किये हैं। आगे उल्लेख है कि जूनियर इंजीनियर विजय धुर्वे ने 8000 की रिश्वत मांगी थी, तथा आवेदक ने विरोध किया तो बिना सूचना दिये दुकान से बिजली का कनेक्शन काट दिया गया। आवेदक राजेंद्र कुरेले ने आवेदन में आगे उल्लेख किया है उनकी दुकान का स्वामित्व का विवाद शैलेंद्र कसेरा के साथ गत न्यायालय में विचाराधीन है, जिसका निर्णय न्यायालय लेगा। लेकिन बिजली कनेक्शन आवेदक के नाम पर है। जिसे विभाग ने झूठी शिकायत के आधार पर बिना जांच ही काट दिया है। आवेदक ने मांग की है कि दुकान की बिजली सुचारू रूप से चालू कराएं व बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर विजय धुर्वे के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# विरोध प्रदर्शन : प्रशासन को जगाने के लिए श्री समर्पण श्री ने सड़कों के गड्ढों में रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर के प्रशासनिक अधिकारियों को उनका कर्तव्य याद दिलाने के लिए मंगलवार को श्री समर्पण श्री द्वारा गड्ढों में पौधे रोपे गए, नगर में लगातार सड़कों की हालत जर्जर है जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है श्री समर्पण श्री अधिकारियों से पूछना चाहती है कि आखिर जब रोड का निर्माण होता है तो उस समय रोड निर्माण की क्वालिटी में ध्यान क्यों नहीं दिया जाता, रोड निर्माण होने के कुछ महीने में ही रोड उखड़ने लगती है और बारिश आते आते रोड गड्ढों में तब्दील हो जाती है और फिर मेंटेनेंस के नाम पर हर साल आम जनता का टैक्स का पैसा रोड निर्माण में लगा



दिया जाता है और फिर बारिश आने पर वो रोड भी उखड़ जाती है फिर से जनता का करोड़ों रुपए मेंटेनेंस में लग जाता है, आखिर कब तक ठेकेदारों को संरक्षण दिया जाएगा और कब तब कमीशन के चक्कर में खराब रोड का निर्माण होता रहेगा, अभी श्री समर्पण श्री गांधी वादी तरीके से पौधे लगाकर विरोध कर रही है अगर आने वाले समय में रोड के गढ्ढे नहीं भरे गए तो समिति उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। कार्यक्रम में स्वदेश सैनी, अतुल जोशी, विशाल चावरिया, राज खिलारे, रजत रामहरिया, दिव्यांश राजोरिया, संदीप खिलारे, अनुज सोनी, पीयूष मीना, दीपक मंडरे, प्रियांशु सैनी, दक्ष स्वामी, शिवांशु लोवंशी, तनिष्क सैनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे ।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत किया गया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विगत दिनों पं. भवानी प्रसाद पार्क में नगरपालिका परिषद और जन अभियान परिषद द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण पं. भवानीप्रसाद मिश्र पार्क में किया गया। इस अवसर पर उपयंत्री रीना गुप्ता, सिटी मैनेजर दिव्या मिश्रा, पार्षद बिंदिया मांझी, संतोष मांझी, सौरभ वर्मा, अमित नामदेव आदि उपस्थित थे।

# शिक्षक बोले, पूर्व में स्वीकृत हो चुकी है सड़क पर अब तक नहीं बनीं, बस मिल रहा आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

चक्कर रोड मालाखेड़ी से लेकर समेरिटंस स्कूल तक जर्जर हाल सड़क की सालों पुरानी समस्या को लेकर मंगलवार को विद्यालय के शिक्षकों और अभिभावकों ने सड़क पर प्रदर्शन किया और बाद में एक ज्ञापन जनसुनवाई में दिया।

ज्ञात रहे कि चक्कर रोड से छोटी पहाड़िया जाने वाले इस रोड का करीब दो सौ मीटर का हिस्सा कई सालों से जर्जर है। बारिश के दौरान इस मार्ग की हालत और अधिक खराब हो जाती है। खराब सड़क के चलते प्रतिदिन हादसे हो रहे हैं। नपा को कई बार आवेदन देने के बाद भी नगर पालिका द्वारा कोई ध्यान नहीं



दिया जा रहा है। आए दिन बच्चे हादसों का शिकार हो रहे हैं।

### स्कूल डलवा रहा मलबा

बच्चों और अभिभावकों की समस्या को देखते हुए हर साल समेरिटंस विद्यालय प्रबंधन मलबा डलवाकर मार्ग को ठीक करने का प्रयास करता है लेकिन भरी वाहनों की आवाजाही से वह ठीक नहीं पाता।

### सालों से सिर्फ आश्वासन

इस समस्या के बारे में नपा के अधिकारी और जनप्रतिनिधि मात्र आश्वासन ही दे रहे हैं। समस्या की ओर ध्यान दिलाने पर यही कहा जाता है कि रोड स्वीकृत हो गया हे, लेकिन कब बनेगा यह कोई नहीं बताता।

# पुलिस महकमे में फेरबदल कंचन होंगीं थाना प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में एक बार फिर तबादले किये गये। जहां प्रशासनिक अधिकारियों के स्थानांरण हुए वहीं पुलिस विभाग में निरीक्षकों के तबादले किए गए हैं। एसपी डॉ. गुरकरन सिंह ने सोमवार देर शाम आदेश जारी कर 13 निरीक्षकों को इधर-उधर किया है। देहात थाना प्रभारी प्रवीण चौहान और केसला थाना प्रभारी श्रीनाथ झरबड़े को पुलिस लाइन भेजा गया है। वहीं, लंबे समय से लाइन में ड्यूटी कर रहे 6 निरीक्षकों को थानों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। माखननगर थाने की कमान अब निरीक्षक मदनलाल पंवार को दी गई है। यहां पिछले 8 महीने से सब इंस्पेक्टर प्रभारी के तौर पर कार्य कर रहा था। अब निरीक्षक स्तर का अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### इनके हुए तबादले

कोतवाली टीआई सौरभ पांडे होंगे देहात थाना प्रभारी, सोहागपुर की टीआई कंचन सिंह ठाकुर को कोतवाली की कमान, स्टेशन रोड टीआई विजय सनस बनखेड़ी भेजे गए, बनखेड़ी टीआई सुधाकर बारस्कर बनाए गए एसपी रीडर, पचमढ़ी टीआई उमाशंकर यादव होंगे केसला प्रभारी, अनूप कुमार उईके (लाइन) को पचमढ़ी थाना मिला, ऊषा मरावी को सोहागपुर थाना मिला, राजेश दुबे को सिवनी मालवा थाना मिला, राहुल रायकवार को अजाक थाना आदित्य सेन को स्टेशन रोड थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। एसपी कार्यालय से जारी आदेश के मुताबिक सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।


### नपा द्वारा चलाया जा रहा स्वच्छता अभियान, बारिश में भी की जा रही नाले नालियों की सफाई

# जलभराव से निजात दिलाने नपा टीम के प्रयास सतत जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका की टीम ने बरसते पानी में समूचे नगर का मोर्चा संभाले रखा है। जल भराव की समस्या से संबंधित जहां-जहां से काल्स आते गए टीम ने पहुंचकर वहां समस्या का समाधान किया और लोगों को राहत प्रदान की गई। स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर तेज बारिश में भी लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

जहां जहां नाले नालियों में जल निकासी की समस्या आ रही थी वहां जेसीबी भेजकर जल निकास सुचारू कराई गई। स्वच्छता निरीक्षक तिवारी ने बताया कि भीलपुरा पंप हाउस नाला, मटन मार्केट वाला नाला, फेफरताल स्कूल में, पीएचई आफिस के पीछे आदि स्थानों पर तेज बारिश के कारण जल भराव की समस्या का समाधान किया गया। वार्ड क्रमांक 21 में कंचन नगर नाले के कारण जल भराव की समस्या उत्पन्न हो रही थी। पार्षद प्रतिनिधि रोहित गौर ने बताया कि नाले के



ओवर फ्लो होने से लोगों के घरों तक पानी पहुंचने लगा था।

इसकी सूचना तत्काल नगरपालिका में दी गई उन्होंने जेसीबी भेजकर नाले का चौड़ीकरण किया जिसके बाद जल निकासी सुचारू हुई। त्वरित समस्या का समाधान हो जाने पर वार्डवासियों ने समूची नपाध्यक्ष श्रीमती यादव का आभार व्यक्त किया।

### नालों पर बेरिकेटिंग कराई गई

श्री तिवारी ने बताया कि भारी बारिश के चलते जहां पुल पुलिया उफान मार रहे थे वहां पर नगरपालिका की टीम द्वारा सुरक्षार्थ बेरिकेटिंग कराई गई है। जिसमें प्रमुख रूप से आदमगढ़ पुलिया और कंचन नगर का नाला शामिल है। साथ ही नगरपालिका की टीम द्वारा वहां समझाइश भी दी गई अगर नाले नालियां ओवर फ्लो हो रही हो तो उसे पार न करें। अतिक्रमण दल भी सक्रिय है।

### बाढ़ राहत शिविरों में व्यवस्था बढ़ाई

स्वच्छता निरीक्षक श्री तिवारी ने बताया कि नगर में बनाए गए बाढ़ राहत शिविरों में नपाध्यक्ष और सीएमओ के निर्देश पर व्यवस्थाएं बढ़ाई गई हैं। सभी बाढ़ राहत शिविरों में समुचित व्यवस्था कराई गई है। निचले क्षेत्रों भीलपुरा, आदमगढ़, संजय नगर, महिमा नगर में लगातार मुनादी कराई जा रही है। बारिश से किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो वे तत्काल बाढ़ राहत शिविरों में जाकर रुक सकते हैं।

### नपा की टीम सक्रिय, सहयोग करें

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने नगर के समस्त नागरिकों से आग्रह किया है कि मप्र में तेज बारिश का दौर जारी है, सभी लोग सावधान रहें। निचले क्षेत्रों में सुरक्षार्थ मुनादी कराई जा रही है। नगरपालिका की टीम सक्रिय हैं और लगातार फील्ड पर कार्य कर रही है। जल निकासी की समस्या को दूर किया जा रहा है। बाढ़ राहत शिविर बनाए गए हैं जहां समुचित व्यवस्था की गई है। जल भराव की स्थिति में या बाढ़ की स्थिति में नागरिक राहत शिविरों में पहुंच सकते हैं। वहीं नगर पालिका ने प्रत्येक गुरूवार को आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें नागरिक अपनी समस्याएं बता सकते हैं।

## जिले में अब तक 11.5 इंच बारिश, पिछले साल से 4 इंच अधिक

# बारिश से नदी-नाले उफनाये, माचना का बढ़ा जलस्तर, भड़ंगा में आई बाढ़



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिले में पिछले एक सप्ताह से लगातार बारिश हो रही है। बारिश के कारण माचना सहित अन्य नदी-नाले उफान पर आ गये है। कहीं-कहीं कम ऊंचाई वाले पुल-पुलिया पर बाढ़ के हालात बने हुए है। जिससे आवागमन प्रभावित हो गया है। पिछले 24 घंटे के दौरान जिले में दो इंच से ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने 9 जुलाई के लिए ऑरेंज और 10 जुलाई के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस बार जुलाई माह की शुरुआत से ही जिले में लगातार बारिश हो रही है, लेकिन रविवार रात से जिले में बारिश का क्रम अनावरत जारी है। इससे कई सडक़े पानी से लबालब रही और जन जीवन भी अस्त-व्यस्त हो गया। लगातार बारिश से अधिकतम तापमान भी 23.7 डिग्री पर पहुंच गया। वहीं न्यूनतम तापमान 20.8 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आगामी दिनों बैतूल सहित प्रदेश के अन्य शहरों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में वर्तमान में तीन मजबूत बारिश प्रणालियां सक्रिय हैं। इनके प्रभाव से 9 और 10 जुलाई को भी बारिश जारी रहने का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग के अनुसार यह इस मौसम का सबसे मजबूत सिस्टम है।

### माचना उफान पर, भडंगा नदी ने रोका रास्ता

शाहपुर की भड़ंगा नदी में बाढ़ आई है। देर रात को शाहपुर क्षेत्र में भारी बारिश जारी रही। इसके चलते पुनर्वास क्षेत्र के 7 से अधिक गांवों से आवागमन अवरुद्ध हो गया। इससे स्कूल जाने वाले बच्चों एवं साप्ताहिक बाजार चोपना आने वालों ग्रामीणों को असुविधा हुई। वहीं लखीपुर और धरमपुर के पास भडंगा नदी के पुलों पर भी बाढ़ रहने से आवागमन प्रभावित रहा। वहीं पुनर्वास क्षेत्र के धरमपुर, आमडोह, लखीपुर, चोपना, झोली-1 व 2 और कांटावाड़ी के रास्ते बंद हो गये है। बताया जा रहा है कि भारी बारिश से भड़ंगा और माचना नदी का जलस्तर बढ़ा है। भड़ंगा में आई बाढ़ से रामपुर और झोली का रास्ता बंद हो गया है। चोपना-झोली मार्ग पर आवाजाही प्रभावित हुई है। लोगों को 12 किलोमीटर का अतिरिक्त फेरा लगाना पड़ रहा है।

### पिछले साल से 4.2 इंच बारिश अधिक

बैतूल जिले में लगातार हो रही बारिश ने पिछले साल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। बीते 24 घंटों से बैतूल में रूक-रूककर बारिश जारी है। सोमवार सुबह 8 बजे से मंगलवार सुबह आठ बजे तक 57.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। इस दौरान बैतूल में 46.6 मिमी, घोड़ाडोंगरी में 138.0, चिचोली में 48.0, शाहपुर में 75.0, मुलताई में 54.6, प्रभात पट्टन में 36.5, आमला में 60.0, भैसदेही में 15.0, आठनेर में 46.2, भीमपुर में 55.0 मिमी बारिश दर्ज की है। मंगलवार सुबह 8 बजे तक जिले में कुल 288.0 मिमी यानि 11.52 इंच बारिश हो चुकी है। पिछले साल 8जुलाई तक 182.4 यानि 7.2 इंच बारिश ही हो पाई थी।

### किसानों को खेत में पानी न थमने देने की सलाह

लगातार बारिश का असर फसलों पर पड़ सकता है। इसलिए कृषि विभाग ने किसानों के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए सलाह दी है कि किसान अपने खेतों में पानी इकठ्ठा न होने दे। क्योंकि धूप नहीं खिलने और बारिश होने से फसलों की जड़े प्रभावित हो सकती है। कई जगह खेतों में पानी का जलजमाव हो रहा है। जिससे सोयाबीन, मक्का सहित अन्य खरीफ फसल प्रभावित होने की संभावना है। कृषि विभाग के उप संचालक आनंद बडोनिया ने बताया कि जिले में लगातार बारिश होने का क्रम जा रही है। ऐसे में किसान खेतों में जलजमाव न होने दे। खेतों से पानी निकासी की पर्याप्त व्यवस्था बनाये रखे। वैसे खरीफ बरसाती फसल है, इसलिए ज्यादा असर नहीं पड़ता है। लेकिन बस किसानों को खेतों से पानी निकालने की व्यवस्था बनाकर रखना होगा।



### रोजाना खोलने पड़ रहे सतपुड़ा डैम के गेट

सतपुड़ा के कैचमेंट एरिया में झमाझम बारिश होने से जलाशय का वाटर लेवल लगातार बढ़ रहा है। जिसके कारण डैम के गेट खोलने पड़ रहे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सारणी के सतपुड़ा बांध क्षेत्र में 24 घंटे के दौरान हुई 6 इंच बारिश के चलते रात 3 बजे से बांध के 7 गेट 5-5 फुट खोले गए हैं। बांध को 1429.50 फुट पर मेंटेन रखने के लिए लगातार गेट की एक्टिविटी जारी है। सोमवार रात 8 बजे तक 3 फुट के स्तर पर खोला गया था, जिसे बाद में 2 फुट और अब 5-5 फुट कर दिया गया है। इससे 17 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। जिले में बारिश का आंकड़ा पिछले साल से 4.2 इंच ज्यादा हो गया है। गत वर्ष 8 जुलाई की सुबह तक 7.2 इंच बारिश हुई थी, इस साल 11.4 इंच बारिश हुई है।

# पहली बारिश में बह गई नगरपालिका की बीटी रोड, गुणवत्ता पर उठे सवाल

### नपा पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारणी

शहर और आसपास के क्षेत्र में 24 घंटे से मूसलाधार बारिश का दौर जारी है। इससे जहां निचली बस्तियों में पानी आ गया है। वहीं नदी, नाले उफान पर है। शोभापुर कालोनी के गणेश चौक में पुलिया पर रिटेनिंग वाल नहीं होने के कारण बाढ आने पर कटाव होने से नगरपालिका द्वारा निर्मित सडक पहली ही बारिश में बह गई।

शोभापुर कॉलोनी के वार्ड नंबर 31 में 2 करोड़ 38 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित सडक़ पहले ही



बरसात में बहने पर नेता प्रतिपक्ष पिंटिश नागले ने नगरपालिका पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा 68 करोड़ रुपए के सालाना बजट वाली सारणी नगरपालिका में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। 2 करोड़ 38 लाख रुपए की बीटी रोड निर्माण में भी यही देखा गया है, जो एक बारिश में बह गई। इस मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

शोभापुर के क्लब कॉलोनी में डब्ल्यूसीएल आवास पर विशालकाय पेड़ गिरने से काफी नुकसान हुआ है। वहीं पेड़ गिरने से संबंधित क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित रही। लगातार हो रही बारिश से बिजली गुल होने का सिलसिला जारी है।

# ताप्ती व पटेल वार्डवासियों के लिए वर्षा काल बना मुसीबत

**सड़कें बनी तालाब, हर तरफ पानी ही पानी**



**मुलताई।** दो दिनों से पवित्र नगरी में हो रही बारिश के चलते जल जीवन अस्त-व्यस्त है। ताप्ती एवं शनि सरोवर में जल आवक प्रारंभ हो गई है। नगर के पटेल वार्ड ,ताप्ती वार्ड एवं भगत सिंह वार्ड में जल भराव के चलते नागरिकों का घर से निकलना दुबर हो गया है अनेक घरों में पानी घुस जाने के समाचार मिले हैं।वर्षा काल प्रारंभ होते ही ताप्ती वार्ड एवं पटेल वार्ड वासियों के लिए कठिनाई काल प्रारंभ हो जाता है। घर आंगन मे छोटे-छोटे तालाब दिखाई देने लगे हैं। ताप्ती वार्ड निवासी युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष लोकेश यादव बताते हैं कि बीते 2 दिनों से नगर में हो रही निरंतर वर्षा के कारण एक बार फिर ताप्ती वार्ड की सडक़ें जलमग्न हो गई। हनुमान मंदिर की सडक़ जलमग्न है। खाली प्लाटों में पानी जमा होकर घरों में घुसने लगा है। वार्डवासी लंबे समय से जलभराव की समस्या से निजात दिलाएगा की मांग करते रहे हैं, किंतु अब तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं हो सकी।

### जलभराव होता है, निकासी नहीं हो पाती है



पानी जमा रहने से गंदगी होती है। बीमारियां फैलती है। फिर भी हम यह सब बर्दाश्त करके यहां रहने पर मजबूर है। इसके लिए अनेकों बार अधिकारियों से इसकी शिकायत की किंतु कोई हल नहीं निकला। पटेल वार्ड के पार्षद सुरेश पौनीकर बताते हैं कि दो दिनों से हो रही वर्षा के चलते बेले कॉलोनी, हजारे के मकान के सामने अशोक भार्गव के मकान के नीचे वाले भाग में पानी भर गया है जिससे वार्ड वासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हमने अधिकारियों को अनेकों बार कहा एसडीएम से लेकर नगर पालिका के अनेक अधिकारी आए लोगों ने बड़े नालों को नाली में तब्दील कर दिया है। जिसके कारण जल भराव की समस्या आ रही है। हमने इन नालों के निर्माण की बात की किंतु 3 सालों में ना तो नालो का निर्माण हुआ है और ना ही सडक़ों का निर्माण हुआ है इसलिए बरसात चालू होते ही वार्ड वासियों की नींद हराम हो जाती है।

### एक नजर में ताप्ती वार्ड की जलभराव समस्या

ताप्ती वार्ड पहले खुला मंडी क्षेत्र था जहां घनी आबादी नहीं थी और इस केचमेंट एरिया का पानी छोटी-छोटी नालियों के माध्यम से नालो से होते हुए ताप्ती सरोवर के मुख्य जल मार्ग से जुडक़र सरोवर में समा जाता था। भवनों का निर्माण हुआ और छोटे-छोटे नाले और नालियों को बंद कर दिया गया। नगर पालिका ने जहां जितनी जगह मिली रोड बना दिए नाली बनाना आवश्यक नहीं समझा। कुछ मकानों के सामने नालियां बनी थी उन्होंने इसलिए नालिया बंद कर दी कि दूसरों के यहा नालियां नहीं है तो हमारी क्यों..? अब पानी निकासी को रास्ता न मिलने से पानी सडक़ और खाली प्लाटों में जमा हो रहा है लोग परेशान हैं और समाधान खोजना कठिन हो रहा है।

### जल निकासी के प्रयास किए जा रहे हैं

जहां-जहां से जल भराव की समस्या की शिकायत प्राप्त हो रही है नगर पालिका जेसीबी के माध्यम से जल निकासी के प्रयास कर रही हैं नगर पालिका कर्मचारी जल निकासी के लिए तैनात किए गए है।

**-महेश शर्मा,** उपयंत्री नगर पालिका मुलताई

**श्री अपना ध्यान, योग विज्ञान वर्कशॉप संपन्न**

# ध्यान से मिलता है मानसिक तनाव से छुटकाराः रघुवंशी



**मुलताई।** पवित्र नगरी में श्री अपना ध्यान योग विज्ञान एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन विधायक चंद्रशेखर देशमुख के मुख्य अतिथि एवं नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गडेकर के विशेष अतिथि में संपन्न हुआ। श्री अपना ध्यान कार्यक्रम में रहस्यमयी विज्ञान को जानने के लिए परम पूज्य गुरुदेव अजय सिंहा के सानिध्य में मानसिक वर्कशॉप एवं रहस्यमयी विधियो का प्रशिक्षण दिया गया। श्री अपना ध्यान मानसिक वर्कशॉप में विशेष प्रशिक्षक रघुवीर रघुवंशी ने बताया कि व्यक्ति कोई भी कार्य जब पूरा ध्यान लगाकर करता है तो उसका परिणाम बेहतर होता है, प्रतिदिन ध्यान लगाने से मानसिक तनाव से छुटकारा मिलता है। श्री अपना ध्यान उपाध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव ने बताया है कि मां ताप्ती की पावन धरा पर परम पूज्य गुरुदेव जी का आगमन होने जा रहा है। इस एक दिवस प्रशिक्षण शिविर में विधायक चंद्रशेखर देशमुख, नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गडेकर, उपेंद्र पाठक, गणेश साहू , नमन अग्रवाल, मनीष माथनकर, राघवेंद्र रघुवंशी, राजेश आदि रहे मौजूद।

# धोखाधड़ी करने वाली लुटेरी दुल्हन गिरफ्तार, नाबालिग साथी हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

गंज पुलिस तथा साइबर सेल टीम ने एक संगठित गिरोह द्वारा की जा रही धोखाधड़ी की गंभीर वारदात का खुलासा करते हुए मुख्य महिला आरोपी व उसकी फरार साथी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी राजेश मंसुरिया पिता लक्ष्मीनारायण मंसुरिया निवासी हाटपिपलिया, जिला देवास, ने थाना गंज में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 30 अगस्त 2024 को सुरेन्द्र यादव नामक व्यक्ति द्वारा उसके साले धर्मेन्द्र बागवान की शादी सीमा यादव नामक युवती से कराने का झांसा देकर बैतूल बुलाया गया। बैतूल आने पर सुरेन्द्र यादव ने उसे अपने अन्य साथियों राजा उर्फ चन्द्रशेखर, सावित्री अहाके के साथ मिलवाया, जिन्होंने फरियादी को कालापाठा स्थित रमेश सूर्यवंशी के घर ले जाकर राजेश यादव, जिया यादव एवं युवती सीमा यादव से मिलवाया। युवती का फर्जी आधार कार्ड दिखाकर भरोसा दिलाया गया और शादी तय करने के नाम पर डेढ लाख रूपये की मांग की गई। फरियादी ने 1,00,000 नकद एवं 40,500 फोनपे के माध्यम से सुरेन्द्र यादव को दे दिए। इसके बाद बैतूल कोर्ट के समीप एक वकील से लिव-इन रिलेशनशिप एग्रीमेंट तैयार कराया गया और सीमा यादव व धर्मेन्द्र बागवान के बीच समझौता करवाया गया। विवाह की पुष्टि हेतु युवती को सोने का मंगलसूत्र एवं चांदी की पायल भी पहनाई गई। लेकिन वापसी के दौरान चिरापटला के पास स्थित शंकर ढाबा पर युवती ने बाथरूम जाने का बहाना बनाकर मौके से एक युवक के साथ स्कूटी पर फरार हो गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना गंज में धारा 318(4), 3(5) बीएनएस 2023 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विस्तृत विवेचना प्रारंभ की गई।

इस मामले में पुलिस ने पूर्व में सुरेन्द्र उर्फ बहू पिता रामकिशन यादव निवासी ग्राम नांदा, थाना भीमपुर, रमेश पिता सुकु सूर्यवंशी, निवासी आर.डी. पब्लिक स्कूल के पीछे, कालापाठा, बैतूल, सावित्री पति रामशंकर अहाके, निवासी अर्जुन नगर, बैतूल, राजेश पिता बद्रीप्रसाद अहिरवार, उम्र 32 वर्ष, निवासी साई फॉर्च्यून, इटारसी को गिरफ्तार कर लिया था, वहीं जिया उर्फ जिज्ञासा पति राजेश अहिरवार निवासी ग्राम रहटगांव, जिला हरदा और एक विधि विरुद्ध बालिका (नाबालिग), जो घटना के बाद से फरार थी, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस कार्रवाही में निरीक्षक सरविंद धुर्वे, उप निरीक्षक रणधीर सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक रामदास, महिला प्रआर भारती, संध्या, गीता, महिला आरक्षक प्रियंका आदि का रहा सहयोग।

# बारिश से फसलों को जीवनदान, शाहपुर अंचल के खेतों में दिखने लगी हरियाली

## इस साल मक्का 22 हजार और धान की 7 हजार हेक्टेयर में हुई बुआई



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरा

लंबे इंतजार के बाद सोमवार सुबह से शुरू हुई तेज बारिश ने शाहपुर अंचल के किसानों के लिए संजीवनी का काम किया है। खरीफ सीजन की बुवाई पूरे क्षेत्र में लगभग एक माह पूर्व पूरी हो चुकी थी और फसलें अब ऐसे चरण में थीं जहां उन्हें नियमित नमी की अत्यंत आवश्यकता थी। बीते कुछ दिनों से बारिश न होने और तापमान बढने से खेत सूखने लगे थे, जिससे किसानों की चिंता बढ़ती जा रही थी। ऐसे में यह वर्षा फसलों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है। शाहपुर अंचल में खरीफ फसलों के तहत लगभग 22 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में मक्का और करीब 7 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में धान की बुवाई की जाती है। बुवाई के दो से तीन सप्ताह बाद पौधों को निरंतर नमी की जरूरत होती है, जिससे उनकी जड़ें मजबूत हो सकें और बढ़वार में तेजी आ सके। इस समय हुई झमाझम बारिश ने खेतों की नमी को बहाल करते हुए फसलों की सेहत में सुधार ला दिया है। खेतों में हरियाली लौट आई है और किसानों के चेहरों पर राहत की मुस्कान देखी जा रही है।

### किसानों ने ली राहत की सांस

ग्राम कामठी के किसान अजय मिश्रा ने बताया कि धान की बुवाई के बाद दो-तीन बार सिंचाई की जरूरत होती है। यह बारिश एकदम समय पर आई है, जिससे खेतों में फसल की बढ़वार तेज होगी और खाद भी अच्छे से काम करेगी। वहीं ग्राम कोयलारी के किसान रामनरेश यादव ने कहा कि मक्का की फसल में अभी पौधे बढने की स्थिति में हैं और इस समय पानी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। यह बारिश हमारे लिए वरदान है। कृषि विस्तार अधिकारी रामकुमार उईके ने बताया कि इस समय की वर्षा फसलों की वृद्धि के लिए अत्यंत आवश्यक होती है। बुवाई के 20 से 30 दिन बाद जब फसल की जड़ें जम रही होती हैं, तब उन्हें नमी मिलना बेहद जरूरी होता है। यह वर्षा न केवल फसलों की बढ़वार में सहायक होगी, बल्कि कीट प्रकोप की संभावना को भी कम करेगी।

### जलस्रोतों में बढ़ा जलस्तर, सिंचाई में होगी सहूलियत

तेज बारिश के चलते खेतों के साथ-साथ नालों, तालाबों और नदियों का जलस्तर भी बढ़ा है। इससे आने वाले सप्ताहों में किसानों को वैकल्पिक सिंचाई के लिए जलस्रोत मिल सकेंगे। कई क्षेत्रों में भूजल स्तर में भी सुधार देखा जा रहा है, जो भविष्य की सिंचाई व्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत है। हालांकि लगातार हो रही बारिश के कारण कुछ निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति भी बनी है, लेकिन अधिकांश ग्रामीण अंचलों में वर्षा को लेकर संतोष का वातावरण है। किसान खेतों में जाकर फसलों की स्थिति देख रहे हैं और लगातार बारिश के लिए ईश्वर को धन्यवाद दे रहे हैं।

**कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं**

# शिकायतों का गंभीरता पूर्वक करें निराकरणः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में कुल 69 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय-सीमा में करें। आवेदकों को एक ही समस्या के निराकरण के लिए बार-बार जनसुनवाई में न आना पड़े यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शासन



की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिए जाने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में बैतूल तहसील के ग्राम केलापुर निवासी आसाराम दादड़े ने आवासीय पट्टा दिए जाने की मांग को लेकर आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने संबंधित तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। मुलताई तहसील के ग्राम निंबोरी निवासी बुद्ध यादव ने भूमि का नियम अनुसार बटवारा किए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने मुलताई एसडीएम को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

भैंसदेही तहसील के ग्राम आमला निवासी यादोराव भाराडे ने आवेदन के माध्यम से पटवारी द्वारा आवासीय भूमि पर किसी अन्य व्यक्ति का मालिकाना नाम दर्ज किए जाने की शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर सूर्यवंशी ने आमला तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

### प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि दिलाए जाने की मांग

ग्राम अमदार निवासी फगन विश्वकर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि दिलाए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संबंधित अधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम नाद कुंडी निवासी संगीता झपाटे ने आवेदन के माध्यम से राशन कार्ड का कूपन जारी किए जाने की मांग की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जिला खाद्य अधिकारी को प्रकरण का शीघ्र निराकरण किए जाने के निर्देश दिए।

बैतूल हेल्पलाइन संपर्क : 9425382122, 8839830267

B.ED.प्रवेश तृतीय चरण

बी. आर. अंबेडकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बैतूल

द्वितीय चरण में प्रवेशित छात्र/छात्राओं को बहुत-बहुत बधाई/स्वागत। दि. 26 जून 2025 से 30/06/2025 तक आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों का सत्यापन कर दि. 26/06/2025 से 01/07/2025 तक निर्धारित शुल्क आनलाईन जमा कर प्रवेश निश्चित करें तथा कालेज आकर प्रवेश फार्म भरे। शेष रह गये छात्र/छात्राएं निराश न होवें, तृतीय चरण में आनलाईन पंजीयन एवं संस्था का चयन 25 जून 2025 से 30 जून 2025 तक करावें। आनलाईन दस्तावेजो का सत्यापन हेल्प सेंटर पर जाकर 26 जून 2025 से 01 जुलाई 2025 तक करायें। सीट आवंटन एवं प्रवेश शुल्क भुगतान की तिथि 05 जुलाई 2025 से 10 जुलाई 2025 तक। प्रवेश परीक्षा नही। प्रथम च्वाईस में भीमराव रामराव अंबेडकर कालेज आफ एजुकेशन, बैतूल (कालेज कोड - BED823) ही लिखें। रिजल्ट - 20 वर्षो से EXCELLENT, अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति / अन्य पिछडा वर्ग को छात्रवृत्ति सुविधा शासन के नियमानुसार। मेडम या सर बनना निश्चित।

संपर्क - 9302846996, 9300974327, 9826231552, 9111788845

## लगातार बारिश से बढ़ रहा नर्मदा का जलस्तर



**पिपरिया।** जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सांडिया सुरेला खेरा सहित मां नर्मदा के किनारे बेस सभी गांव में दो बांधों के गेट खुलने से तथा अति वर्षा होने के कारण मां नर्मदा अपने रौद्र रूप में दिखाई दे रही है। अनुविभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव तहसीलदार सहित सभी अधिकारी कर्मचारी मां नर्मदा पर नजर बनाए हुए हैं निचली बस्ती रहने वाले सभी लोगों को अपने मकान खाली करके सुरक्षित स्थान पर जाने के आदेश जारी कर दिए गए हैं तथा लोगों की ड्यूटी लगा दी गई है पिछले 24 घंटे में मूसलाधार बारिश के कारण क्षेत्र के अधिकांश पुल पुलिया पानी की डूब में आ चुके हैं जिसके कारण कई मार्गों का आवागमन बंद हो चुका है स्कूली बच्चों को भी आवागमन बंद हो चुका है पलिया प्लांट के पास मच्वासा नदी भी पूरी तरह से डूब में आ चुकी है वहां का रास्ता भी बंद हो चुका है चारों तरफ से मार्ग बंद होने के कारण पुल पुलिया पर पानी होने के कारण प्रशासन अलर्ट हो गया है और सावधानी बरतनी के निर्देश दिए हैं नर्मदा पुल के ऊपर लगभग 16 फुट के आसपास पानी पहुंच चुका है।

### बरसाती पानी से घिरे ग्राम बंदीछोड़ पिपरिया हरिजन टोला के नागरिक

# गंदे पानी में समाया हैंडपंप, यहां वहां से पीने के पानी की कर रहे जुगाड़

ग्राम बंदीछोड़ पिपरिया में हरिजन टोलावासी पांच दिनों से बरसाती पानी से घिरे हुए हैं। जब से टोला क्षेत्र में बरसाती पानी भरा है, तभी से टोले में पेयजल के स्रोत के रूप में उपलब्ध एकमात्र हैंडपंप भी गंदे पानी में डूब गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर ब्लॉक के ग्राम बंदीछोड़ पिपरिया में हरिजन टोलावासी पांच दिनों से बरसाती पानी से घिरे हुए हैं। साथ ही बरसाती गंदे पानी में हैंडपंप डूब गया है। जिसके कारण टोलावासियों को पेयजल नहीं मिल पा रहा है। सूचना के बाद भी प्रशासन कुछ नहीं कर रहा है।

हरिभूमि से चर्चा में हरिजन टोला क्षेत्र के निवासी आकाश बमोरिया ने बताया कि लगभग सात से आठ घर टोला में हैं। तथा उनका गांव बंदीछोड़ पिपरिया ग्राम पंचायत नवलगांव का आश्रित ग्राम है। आकाश के अनुसार कुछ समय पहले ग्राम पंचायत नवलगांव ने बंदीछोड़ पिपरिया में पक्की नाली बनवाई थी। नाली पर्याप्त गहराई लेकर नहीं बनाई गई और अब सड़क का पानी तो नाली में जा रहा है। लेकिन आसपास के क्षेत्र का पानी वहीं रुका हुआ है व नाली से नहीं निकल रहा है। जिसके कारण जब तक बारिश होगी तब तक हरिजन टोला क्षेत्र पानी में डूबा रहेगा। यद्यपि नागरिक सुरक्षित हैं तथा डूब जैसे हालात नहीं हैं। लेकिन फिर भी लोगों की आवाजाही प्रभावित हो गई है। टोलावासियों मंगल सिंह, करोड़ीलाल, हल्के, मोहन सिंह, लखनलाल, भैयालाल, लक्ष्मण, मनोज, हरिकिशन अहिरवार, उमेश कंथारिया आदि ने बताया कि और अधिक बारिश होने पर घरों के आंगन तक पहुंचा पानी कमरों में पहुंच सकता है।

### नहीं मिल रहा पेयजल



ग्रामीण आकाश ने बताया कि जब से टोला क्षेत्र में बरसाती पानी भरा है, तभी से टोले में पेयजल के स्रोत के रूप में उपलब्ध एकमात्र हैंडपंप भी गंदे पानी में डूब गया है। हैंडपंप से गंदा पानी आ रहा है व पिछले कुछ दिनों से टोलावासियों को पीने के पानी के लिए गांव के अन्य लोगों का सहयोग लेना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत नवलगांव को स्थिति की सूचना है लेकिन जनप्रतिनिधि व कर्मचारी कुछ नहीं कर रहे हैं। टोलावासियों ने ब्लॉक प्रशासन से सहयोग की मांग की है।

## बरसात में खुली सरकारी स्कूलों की पोल, छत से टपक रहा पानी

### झड़कर गिर रहा छत का प्लास्टर, मरम्मत की दरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



मध्य प्रदेश शासन के द्वारा राजस्व विभाग को प्राकृतिक आपदा में राहत राशि प्रदान करने के लिए निर्धारित किया गया है जो कई वर्षों से चला आ रहा है ।

राजस्व विभाग भी अब राहत राशि की श्रेणी में आ चुका है उदाहरण के तौर पर लगातार एक सप्ताह से तेज बारिश एवं विगत 3 दिन से मूसलाधार बारिश के कारण पिपरिया विकासखंड के बल्कि विकास विधानसभा क्षेत्र के सभी सरकारी कार्यालय में पानी का रिसाव दीवारों से लेकर छतो तक और छतो से लेकर फर्श तक जा रहा है। बल्कि यह भी कहा जा सकता है कि जनपद पंचायत कार्यालय में कंप्यूटर सेट को खिसकाया जा रहा है पीएम आवास शाखा में पूरी दीवारों से पानी का रिसाव हो रहा है इसी तरह से तहसील कार्यालय में दोनों नायब तहसीलदार के कार्यालय में पानी का रिसाव हो रहा है बल्कि एक नायक तहसीलदार के कार्यालय में छत से प्लास्टर गिर रहा है कुछ गिर चुका है कुछ टपक सकता है जिसकी कोई संभावना नहीं है कब घटना घट सकती है इसी तरह से तहसील कार्यालय की गैलरी में भी नीचे फर्श से पानी का भरा हो रहा है ऊपर प्लास्टिक टपक रहा है देखा गया कि लगभग सभी सरकारी कार्यालय पानी के रिसाव से पानी में भीग रहे हैं।

इसी तरह से सरकारी स्कूल की भी यही हालत है यहां तक की बच्चों को नीचे बैठने तक के लिए भी सुखी जगह उपलब्ध नहीं हो रही है। मूसलाधार बारिश के कारण नदी नाले सभी उफान पर हैं अनुविभागीय अधिकारी एवं जिला कलेक्टर के द्वारा नर्मदा के किनारे सभी लोगों को अलर्ट कर दिया गया।

## शिवपुर पुलिस ने किया अवैध मादक पदार्थ बिक्री के आरोपी को गिरफ्तार, 4 किलो गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओ के निर्देशन अवैध गांजा परिवहन करते एक व्यक्ति पर कार्रवाई की गई जिसमें 4 किलो गांजे के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली की दो व्यक्ति जिनका नाम उदय उर्फ बंटू और अजय है जिसमें से उदय ने हल्के मेहनंदी कलर का शर्ट और अजय ने सफेद रंग की शर्ट पहनी है दोनों अपने साथ काले रंग के बेग में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर पगढ़ाल टोल के आगे नहर के पास खड़े होकर किसी वाहन का इंतजार कर रहे है। सूचना पर थाना प्रभारी विवेक यादव द्वारा टीम का गठन किया गया व मुखबिरो की सहायता से मिली जानकारी पर वैधानिक कार्यवाही हेतु रवाना हुआ। पुलिस टीम द्वारा तत्काल वताये गये स्थान पगढ़ाल टोल के आगे नहर के पास पहुंचा जहां अपने वाहन को खडा करके हमराही फोर्स एवं पंचान को जैसे ही मुखविर के बताये हुलिये के व्यक्तियों के साथ एक अन्य व्यक्ति जो खरबूजे रंग की शर्ट पहने खड़ा दिखाई दिया जिनके बीच दो काले रंग के बेग रखे हुये दिखाई दिए जो हमे देखकर थोड़ा सहम गये जिन्हे टीम द्वारा घेराबंदी कर रोका एवं वही बैठा लिया और उनका नाम पता पूछने पर अपना नाम । उदय उर्फ बंटू पिता विजय सिह उईके उम्र 31 साल निवासी ग्राम फरीदपुर थाना शिवपुर 2 अजय पिता राजेश चावड़े उम्र 21 साल निवासी ग्राम छिपावड जिला हरदा 3 अजब सिह पिता अनूप सिह बंजारा उम्र 29 साल निवासी फरीदपुर बताया उक्त तीनो व्यक्तियों की तलाशी ली गई जो उक्त तीनो व्यक्तियों के पास 4 किलोग्राम गांजा कीमत करीब 68 हजार रुपये का एवं एक मोटर सायकल हीरो कंपनी की एचए डीलक्स काले लाल रंग की एमपी 05 एमडब्ल्यू 5589 कीमत करीब 50 हजार रुपये का जप्त का कुल कीमती 118000 रु का जप्त किया गया एवं उक्त आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीवद्ध किया गया। संपूर्ण कार्यवाही मे थाना शिवपुर स्टाफ के थाना प्रभारी शिवपुर विवेक यादव, कृपाराम मीणा, सुनील मरकाम, अजय बावने आदि शामिल रहे।

## पचमढ़ी पुलिस प्रशिक्षण शाला में किया पौधरोपण कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण शाला पचमढ़ी मध्यप्रदेश मे मनाये जा रहे हरियाली महोत्सव 2025 के उपलक्ष में अति. पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण राजाबाबू सिंह, भा.पु.से. मध्यप्रदेश के मार्गदर्शन में दिनांक 06 जूलाई 2025 को पीटीएस पचमढ़ी में समस्त स्टाफ व प्रशिक्षु नवआरक्षकों ने पीटीएस परिसर स्थित फल उद्यान में पौधोरोपण किया। पुलिस अधीक्षक पीटीएस पचमढ़ी सतेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि पीटीएस परिसर में बड़ी जामुन, बॉम्बे ग्रीन आम, लीची, आंवला, चीकू इत्यादि के कुल 100 फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया गया है। साथ ही उन्हें ट्री गार्ड से सुरक्षित कर बंदरों व अन्य जानवरों से बचाने हेतु स्टाफ व नवआरक्षकों को उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी दी गई है।

रक्षित निरीक्षक अजीत कुमरे के निर्देशन ने आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में समस्त पीटीएस पचमढ़ी स्टाफ व 130 से अधिक नवआरक्षकों ने पूरे उत्साह के साथ पौधे रोपकर उनकी सुरक्षा व पर्यावरण सुरक्षा का प्रण लिया।

## प्रशासन ने किया विद्यार्थियों का अवकाश लेकिन स्कूलों में लगाया गया ताला, बंद रही पाठशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




पिपरिया नर्मदा पुरम जिले के कलेक्टर सोनिया मीणा के द्वारा 8 जुलाई को तथा 9 जुलाई को अति बारिश होने के कारण सभी स्कूलों में बच्चों के लिए अवकाश घोषित कर दिया था। लेकिन आदेश में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे की अवकाश सिर्फ बच्चों का रहेगा टीचर स्कूलों में उपस्थित रहेंगे। लेकन पिपरिया नगर पालिका परिषद क्षेत्र के महारानी लक्ष्मीबाई प्राथमिक शाला में स्कूली समय के दौरान पाया गया कि स्कूल प्रातः 10:30 बजे से प्रारंभ होता है लेकिन यह स्कूल 11:30 बजे करीब अस्थाई कर्मचारी लक्ष्मी बाई के द्वारा खोला गया जिन्हें दोनों टीचरों के द्वारा कुल 1200 मासिक दिया जाता है जो स्कूल खोलकर झाड़ू पोछा आदि का कार्य करती हैं। एक दो टीचर हैं और कक्षा 1 से लेकर 5 क्लास तक प्राथमिक शाला है जिसमें एक टीचर किरण बाई तीन दिन के अवकाश पर बताई जा रही हैं। दूसरी टीचर सुषमा दुबे भी स्कूल पर समय पर नहीं आई थी। 12:00 तक स्कूल में कोई टीचर उपस्थित नहीं था सिर्फ कर्मचारी ही उपस्थित थी जो अपना कार्य कर रही थी इससे के यह प्रतीत होता है कि जिला कलेक्टर के आदेश की भी अवहेलना शिक्षकों के द्वारा की गई है यह एक ताजा उदाहरण है 8 जुलाई को सुषमा दुबे स्कूल में स्कूल समय में उपस्थित नहीं थी इससे प्रतीत होता है कि एक तो यहां पर कक्षा अधिक और बच्चे अधिक होने के कारण शिक्षक भी रुचि नहीं ले रहे हैं सिर्फ दो शिक्षक हैं यहां पर शिक्षकों की संख्या बढ़ाई जावे। बी के इस बारे में बी आर सी प्रदीप शर्मा से चर्चा की गई बताया की आरती बारिश के कारण जिला कलेक्टर के द्वारा बच्चों के लिए अवकाश घोषित किया गया था शिक्षकों को कार्यालय में उपस्थित रहने के आदेश में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे उसके बाद भी यदि शिक्षिका कार्यालय में स्कूल में उपस्थित नहीं थी तो उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया जाएगा यदि संतुष्टि पूर्ण जवाब प्राप्त नहीं होता है तो 1 दिन का वेतन काटने की जावेगी।

## मुक्तिधाम का शेड टूटा, पन्नी से ढंककर करना पड़ा संस्कार

### बढ़ी परेशानीः दो शेड बनकर हैं तैयार लेकिन नपा की अनुमति के बगैर नहीं हो रहा नए शेड का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर





मंगलवार को वस्त्र व्यवसाय हरीश बडगूजर का निधन हो गया परिजन अंतिम संस्कार करने स्थानीय मुक्तिधाम ले गए जहां मुक्तिधाम का शेड टूटा पड़ा हुआ था शेड के ऊपर की टीन की चादर गायब थी जो लगी थी वह भी टूटी फूटी थी तेज बारिश हो रही थी ऐसी स्थिति में परिजनों ने पन्नी और पाल लगाकर अंतिम संस्कार किया ऐसी स्थिति की जिम्मेदार नगर परिषद के प्रति लोग तरह-तरह की टिप्पणी कर रहे थे जबकि वर्षों से दो नए शेड बनकर तैयार हैं कुछ काम बाकी है शेड चिता बनाने स्टैंड अभी नहीं लगा है। इसलिए नगर के लोग नए सेट में अंतिम संस्कार नहीं करते हैं एवं नगर परिषद की भी मनाही भी है पुराने शेड में ही अंतिम संस्कार करने की मजबूरी है कांग्रेस के सेक्टर अध्यक्ष शैलेंद्र जोशी का कहना है नेता बड़े-बड़े मंचों से पूर्ण विकसित विधानसभा क्षेत्र का दावा करते हैं लेकिन बड़ी शर्म की बात है मूलभूत सुविधाएं भी जनता को नहीं मिल रही है नगर वासी मुक्तिधाम में ऐसी व्यवस्था चाहते हैं की अंतिम संस्कार में कोई परेशानी ना हो पंचतत्व में विलीन व्यक्ति को सद्गति प्राप्त हो मुख्य नगर पालिका अधिकारी जीएस राजपूत से जब बात की गई तो उन्होंने बताया तो दो नवीन शेड कंपलीट है एक दिन पहले ही स्टैंड रखने को कहां गया था बारिश की वजह से नहीं रख पाए शेड में स्टैंड तुरंत रखवा दिए जाएंगे आगे से नागरिक वहीं नए शेड में अंतिम संस्कार कर सकेंगे।

## पालकों को देर से मिली स्कूल बंद होने की सूचना

**सोहागपुर।** जिले में अतिदृष्टि की संभावना के चलते जिला प्रशासन ने मंगलवार को विद्यार्थियों के लिए स्कूली अवकाश की घोषणा की थी। लेकिन इसके बाद भी कई बच्चे मंगलवार सुबह स्कूलों में पहुंचे। बरसात में भीगे बच्चे स्कूलों से लौटाए गए। जिससे पालकों में नाराजगी देखी गई। पालकों व विद्यार्थियों ने बताया कि जिला प्रशासन नर्मदापुरम ने सोमवार को देर शाम निर्णय लिया कि मंगलवार को विद्यार्थियों के लिए स्कूल रहेंगे। यह निर्णय समय पर पालकों व बच्चों तक नहीं पहुंचा।मंगलवार सुबह कोर्ट चौराहे पर ग्रामीण क्षेत्र का स्कूली विद्यार्थी पिता के साथ स्कूल जाता दिखा। जिसे मौके पर उपस्थित अधिवक्ता पंकज तिवारी, पूर्व नप उपाध्यक्ष संजय मालवीय व व्यापारीद्वय मनोज पटवा तथा रानू परसाई ने बताया कि मंगलवार को बच्चों के लिए स्कूल अवकाश घोषित है।

## बार-बार हो रहे बिजली लाइन में फॉल्ट, बिजली उपभोक्ता हो रहे परेशान, सुधार करने की मांग






हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर


बरसात में बिजली वितरण में बाधा नई बात नहीं है। लेकिन इस बार बहुत अधिक फाल्ट बिजली लाइन में हो रहे हैं। मंगलवार सुबह शहर स्थित सब स्टेशन के उपकरण में भी फाल्ट हुए। टाउन जेई विजय धुर्वे ने कहा कि 132 केवी के उपकरणों में फाल्ट आ गया, जिन्हें सुधारने में स्टाफ घंटों जुटा रहा। हरिभूमि ने टाउन जेई विजय धुर्वे से चर्चा की। उन्होंने बताया कि लगातार बारिश के कारण उपकरणों व कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए पनी व तिरपाल बांधकर उपकरण सुधारने पड़ रहे हैं। ताकि उपकरण खराब ना हों और कर्मचारियों को भी करंट की परेशानी ना हो।

### घरों और कॉलोनियों में भराया पानी

# तेज बारिश से जनजीवन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद





दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से नगर सुमित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र का जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा सेमरी सोमवार को लगने वाला हाट बाजार दिन भर बारिश होने के कारण प्रभावित हुआ और ग्रामीण रोजमर्रा की वस्तुएं खरीदने से वंचित रहे।

वहीं मंगलवार को भी सुबह से ही मूसलाधार बारिश होने के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्तरहा नगर की अनेक बस्तियों तथा ग्राम वासियों के घर में तक पानी भर गया जिससे ग्रामवासी घरों में पानी निकलते नजर आए नजर कीतिवारी कॉलोनी, केशव कलोनी, एवं समीपस्थ ग्राम जमुनिया में स्टेशन के पास मकान में पानी भर गया जिसे जेसीबी मशीन की सहायता से नालीखोदकर पानी की निकासी की गई। ज्ञातव हो की चार दिन पूर्व ही ग्राम पंचायत जमुनिया में कलेक्टर का दौरा हुआ था जिसमें ग्राम वासियों द्वारा कलेक्टर से ग्राम में नालियों की साफ सफाई से संबंधित शिकायत की गई थी जोरदार बारिश के चलते ग्राम पंचायत जमुनिया के स्थानीय प्रशासन की नालियों से साफ सफाई संबंधित शिकायत को बारिश ने प्रमाणित कर दिया और स्थानीय प्रशासन को जेसीबी मशीन बुलवाकर पानी की निकासी करवानी पड़ी।

## जिपं के सीईओ ने संभावित बाढ़ क्षेत्र का किया भ्रमण, दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

जिपं सीईओ सुजान सिंह रावत ने मंगलवार को ग्राम पंचायत चपलासर सांगा खेड़ाकला एवं अन्य संभावित बाढ़ प्रभावित ग्रामों में भ्रमण कर बाढ़ आने पर वर्तमान स्थिति एवं आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। जनपद पंचायत माखन नगर के ग्रामों में पिछले 24 घंटे से हो रही अति वर्षा को देखते जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी रजनीश ताराम द्वारा बाढ़ प्रभावित ग्रामों में सुबह से भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया गया जिसमें नसीराबाद में बाकूड नदी के रपटे पर पानी आने पर वहां बैरीकेड लगवाए गए एवं आवाजाही को रोका गया जिससे कोई अप्रिय घटना न घटित हो। ग्राम पंचायत खरगा वली में बाढ की संभावना को देखते हुए पीसीओ राजू रायकवार द्वारा ग्रामीणों के साथ बाढ़ की स्थिति में बाढ़ बचाव सम्बन्धित बैठक गई।

## कई क्षेत्रों में पहुंच गया बरसाती पानी, नप सीएमओ ने जलभराव क्षेत्र का भ्रमण कर दिए निगरानी के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



मंगलवार को बारिश के कारण पलकमती नदी उफान पर रही। तथा बाढ़ का पानी आबादी क्षेत्र में पहुंचा। इस दौरान सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ नगर में बाढ़ प्रभावित व संभावित क्षेत्र का दौरा किया।

सीएमओ शर्मा ने नागरिकों से भेंट की। उन्होंने किलापुरा रिपटा तथा रामगंज रिपटा सहित किलापुरा वार्ड, अंबेडकर वार्ड, मातापुरा वार्ड, सुभाष वार्ड व अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। जहां जलभराव की स्थिति थी, वहां नागरिकों से सुरक्षित रहने की अपील भी शर्मा ने की। शर्मा ने जनता को बताया कि अतिवृष्टि अथवा बाढ़ की स्थिति बनती है तो नगर परिषद में कंट्रोल रूम निर्धारित किया गया है। जिसका फोन नंबर भी शर्मा ने नागरिकों को बताया।

शर्मा ने नागरिकों से कहा कि किसी भी समय बाढ़ की स्थिति बनती हे तो कंट्रोल रूम को सूचित कर सकते हैं। शर्मा ने नप कर्मियों को निर्देश दिये हैं कि 24 घंटे नदी में बाढ़ पर नज़र रखें। ताकि आकस्मिक स्थिति में जन सुरक्षा के प्रयास तत्काल किये जा सकें। सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को पलकमती नदी की तत्कालीन बाढ़ की स्थिति से अवगत कराया व कहा कि नप कंट्रोल रूम टीम जनसुरक्षा के दृष्टिकोण से कार्य करने के लिए तैयार है। इस दौरान नगर परिषद से संजय परसाई, अमित परसाई, संजय पचौरी, एचएल परते व अन्य कर्मचारियों ने सीएमओ शर्मा के साथ बाढ़ प्रभावित व संभावित क्षेत्र का दौरा किया।

**खबर संक्षेप**

## शासकीय शालाओं में होगा शैक्षिक ओलंपियाड

**हरदा।** सभी शासकीय प्राथमिक माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 2 से 8 के विद्यार्थियों को प्रदेश, देश और विश्व के सांस्कृतिक, भौगोलिक ऐतिहासिक परिदृश्य, समसामयिक सामान्य ज्ञान तथा हिन्दी, इंग्लिश, विज्ञान और गणित विषयों से जोड़ने के लिए मंच क्विज प्रतियोगिता ओलंपियाड का आयोजन इस वर्ष दो चरणों में जन शिक्षा केन्द्र और जिलास्तर पर किया जा रहा है। इस वर्ष जन शिक्षा केन्द्र स्तरीय आयोजन सितंबर और जिला स्तरीय आयोजन नवंबर माह में होगा। ओलंपियाड में सहभागिता के लिये विद्यार्थी शिक्षकों के सहयोग से ऑनलाइन पंजीयन आरएसकेएमपी पोर्टल पर 30 जुलाई तक कर सकेंगे।

## पिछले 24 घंटे में जिले में 24.8 मिमी औसत वर्षा

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 24.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 15.7 मिमी, टिमरनी में 18.2 मिमी, खिरकिया में 40.4 मिमी, सिराली में 22.8 मि.मी. तथा रहटगांव में 27.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 316.4 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 259.3 मिमी, टिमरनी में 406.8 मिमी, खिरकिया में 386.2 मिमी, सिराली में 303 तथा रहटगांव में 226.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 8 जुलाई तक 157 मिमी औसत वर्षा हो चुकी थी।

## गुरु पूर्णिमा मेला: 9 से 11 जुलाई तक मांसाहारी दुकानों पर प्रतिबंध

**खंडवा।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 9 से 11 जुलाई तक श्री दादाजी धूनीवाले का वार्षिक मेला आयोजित किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर नगर निगम ने शांति और धार्मिक वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से शहर में मांस, मछली और अंडे की दुकानों को बंद रखने का निर्णय लिया है। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि यह प्रतिबंध हाल ही में हुई एक अप्रिय घटना की पुनरावृत्ति रोकने, श्रद्धालुओं को किसी भी असुविधा से बचाने और मेलास्थल के पवित्र वातावरण को सुरक्षित रखने के लिए लगाया गया है। अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रतिबंध की अवधि में सख्त निगरानी रखी जाए। नगर निगम आयुक्त के अनुसार, मेलास्थल पर स्वच्छता, सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निगम प्रशासन पूरी तरह सजग रहेगा। साथ ही व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा कर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा देने का प्रयास किया जाएगा।

## सपोर्ट पर्सन के चयन के लिए पात्र अभ्यर्थियों का साक्षात्कार आयोजित

**सीहोर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पॉक्सो एक्ट के तहत सहायक व्यक्ति के मनोनयन के लिए राष्ट्रीय बाल संरक्षण की गाइड लाइन के अनुसार जिला न्यायालय परिसर में पात्र अभ्यार्थियों का साक्षात्कार आयोजित किया गया। यह साक्षात्कार कलेक्टर बालागुरू के. तथा प्रधान जिला न्यायाधीश प्रकाश चंद्र आर्य द्वारा गठित 5 सदस्यीय चयन समिति द्वारा लिया गया।

### कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# सड़क पर विचरण करने वाले निराश्रित पशुओं को गोशाला भिजवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

नगरों व विकासखंडों में सड़कों पर विचरण करने वाले निराश्रित पशुओं को गौशाला भिजवाने की व्यवस्था करें। सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्रों में एनाउन्समेंट के माध्यम से सभी पशु पालकों को इस संबंध में सूचित करें। यह निर्देश कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिए। उन्होने कहा कि यदि इस कार्य में कोई समस्या आती है तो मॉनिटरिंग कर उसका निराकरण सुनिश्चित करें।

बैठक में कलेक्टर जैन ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का संतुष्टीपूर्वक निराकरण करें तथा सीएम हेल्पलाइन के निराकरण के मामले में अपनी रैंक सुधारें। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, संजीव कुमार



नागु, एसडीएम कुमार शानु देवड़यिा, महेश बड़ोले व अशोक डेहरिया सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### सार्थक एप से उपस्थित दर्ज कराएं

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारियों अपने अधीनस्थ कार्यालयों में सार्थक एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करना सुनिश्चित करें। उन्होने अधिकारियों को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण करने के निर्देश दिए। सभी अधिकारी रोस्टर के आधार पौधरोपण की योजना तैयार कर पौधरोपण कराएं। लगाए गए पौधों के साथ फोटो खींचकर वायुदूत एप पर अपलोड किया जाए। उन्होने कहा कि लगाए गए पौधों की पर्याप्त देखभाल भी की जाए। बैठक में कलेक्टर ने वर्षा के मौसम में मच्छरजनित बिमारियों की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए सभी नगर पालिका अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में फॉगिंग कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सभी एसडीएम को अपने-अपने कार्यालयों में ई-ऑफिस सिस्टम लागू करने के निर्देश भी दिए। उन्होने शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर तथा कुपोषण की स्थिति में अब तक हुए सुधार की स्थिति की समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य विभाग तथा महिला बाल विकास के अधिकारियों को अनमोल एप तथा पोषण ट्रेकर एप के डाटा में एकरूपता लाने के निर्देश दिए। उन्होने कृषि विभाग के अधिकारियों को मूंग उपार्जन के लिये सभी आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शासकीय प्रयोजनों जैसे स्कूल, आंगनबाड़ी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अस्पताल, छात्रावास, कॉलेज एवं अन्य शासकीय भवन बनाने के लिए यदि भूमि की आवश्यकता है तो सभी एसडीएम तत्काल भूमि आवंटन करने की प्रक्रिया प्रारंभ करें और प्राथमिकता से भूमि आवंटित करें। बैठक में कलेक्टर ने सभी एसडीएम व मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को अवैध कॉलोनियों का निरीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए।

### बीएलओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

## अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी



**हरदा।** जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्रों में तहसील मुख्यालयों पर गहन पुनरीक्षण कार्य को ध्यान में रखते हुए बूथ लेवल ऑफिसरों का प्रशिक्षण 7 से 10 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सतीश राय ने बताया कि मंगलवार को नगर पंचायत सिराली के रैन बसेरा, जनपद पंचायत खिरकिया के सभाकक्ष एवं पॉलिटेक्निक कालेज हरदा में 208 बीएलओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के बाद सभी बीएलओ को ऑनलाईन प्रश्नपत्र हल करने के लिए दिए गए। प्रशिक्षण में संबंधित ईआरओ, एईआरओ एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में अनुपस्थित बीएलओ को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए।

## राजपूत समाज की बैठक में निर्णय: न ही गौर समाज के कार्यक्रम में जाएंगे न उन्हें बुलाएंगे

**सीहोर।** जिले के अहमदपुर गांव में कुछ दिनों पहले घटित हुई नाबालिग बालिका से रेप व मौत के मामले से दो बड़ी समाज के बीच आपसी मनमुटाव हो गया है। कुछ दिनों पहले गौर समाज ने बैठक आयोजित कर निर्णय लिया था कि गौर समाज के किसी भी कार्यक्रम में गिरीश सोलंकी लालू बना को नहीं बुलाया जाएगा, यदि समाज का कोई व्यक्ति उन्हें बुलाता है तो उस पर 21 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। इधर सोमवार को राजपूत समाज ने भी बैठक आयोजित कर निर्णय लिया कि न तो गौर समाज के कार्यक्रम में जाएंगे और न ही उन्हें बुलाएंगे।

## गुरु पूर्णिमा पर दादाजी धाम में उमड़ेगा श्रद्धा का सैलाब, तैयारियां पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



गुरु पूर्णिमा पर 10 जुलाई को दादाजी धाम में विशाल भक्त समूह उमड़ेगा। पर्व को लेकर जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। लाखों श्रद्धालु दर्शन और सेवा के लिए दादाजी नगरी पहुंच रहे हैं। शहर सहित ग्रामीण अंचलों से पैदल यात्राएं जारी हैं। छिंदवाड़ा, बैतूल, पांडुरना समेत अन्य जिलों से भक्त हाथों में निशान, मुंह में दादा नाम लेकर नंगे पांव यात्रा कर रहे हैं। जगह-जगह 'भज लो दादाजी का नाम' की गूंज सुनाई दे रही है।

भक्तों की सेवा के लिए शहर में भंडारा समितियां सक्रिय हैं। प्रमुख स्थानों पर भंडारों के लिए पंडाल लग चुके हैं और मंगलवार से कई स्थानों पर भंडारे शुरू हो जाएंगे। दर्शन व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए ट्रस्ट द्वारा समितियां गठित की गई हैं। हजारों सेवाधारी 24 घंटे सेवा देंगे। इस बार प्रसाद वितरण खिड़कियों से लगातार किया जाएगा और दर्शनार्थियों को पंक्तिबद्ध दर्शन की सुविधा दी जाएगी। 10 जुलाई को परंपरागत अभिषेक में दूध, दही, घी, शक्कर और पवित्र नदियों का जल चढ़ेगा। रात्रि 8 बजे 121 दीपमालिकाओं से महाआरती और बड़ा हवन किया जाएगा। प्रशासन ने मंदिर परिसर और शहर में सुरक्षा, विद्युत, चिकित्सा, सफाई सहित सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद कर दी हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए शहरवासी भी पूर्णिमा से पूर्व ही निशान लेकर दादाजी धाम पहुंच रहे हैं।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, रजनी वर्मा एवं संजीव नागू के साथ-साथ एसडीम हरदा कुमार शानू देवड़यिा, एसडीएम टिमरनी महेश बड़ोले, एसडीएम खिरकिया अशोक डहेरिया सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे। जनसुनवाई में हंडिया के ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन देकर फोकटपुरा मोहल्ले में कीचड़ एवं गंदगी होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होने



जनपद पंचायत हरदा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ग्रामीणों की समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए।

ग्राम हंडिया निवासी गोपाल इवने ने कलेक्टर को आवेदन देकर बताया कि उसे पत्नी की मृत्यु के बाद अभी तक संबल योजना व अंत्येष्टी सहायता योजना की राशि प्राप्त नहीं हुई है, जिस पर उन्होने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में भुन्नास निवासी अखिलेश भाटी ने कलेक्टर को आवेदन देकर बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा किये जा रहे पुलिया निर्माण के कारण उसके पिता की भूमि में जल भराव तथा भूमि का कटाव हो रहा है। इस पर उन्होने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में ग्राम पचौला निवासी गोपाल ने कलेक्टर को आवेदन देकर बताया कि उसे किसान सम्मान निधि की राशि प्राप्त नहीं हो रही है, जिस पर उन्होने तहसीलदार हंडिया को आवेदक के प्रकरण की जांच कर समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए। ग्राम भाटपरेटिया निवासी गोपाल शर्मा ने कलेक्टर को आवेदन देकर आदर्श बीज उत्पाद एवं क्रय विक्रय प्रक्रिया सहकारी समिति चारखेड़ा द्वारा सोयाबीन का खराब बीज देने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होने उप संचालक कृषि को मामले की जांच करने के निर्देश दिए।

### समस्या का समाधान हुआ

## आधार में जन्मतिथि सुधरी, खुश होकर बच्चे ने जनसुनवाई में बांटी मिठाई



**खंडवा।** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में उस वक्त भावुक पल देखने को मिला जब 14 वर्षीय बालक स्वराज सांवले अपने हाथ में मिठाई का डिब्बा लेकर पहुंचा और अधिकारियों को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की।

दरअसल, ग्राम सुरगांव जोशी निवासी स्वराज ने पिछले मंगलवार को जनसुनवाई में आवेदन देकर बताया था कि उसके आधार पंजीयन में जन्मतिथि गलत दर्ज हो गई है, जिससे उसे स्कूल सहित अन्य कार्यों में परेशानी हो रही है। उसकी इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने ई-गवर्नेंस मैनेजर अनिल चंदेल को निर्देश दिए कि अगली जनसुनवाई से पहले आधार पंजीयन में सुधार किया जाए। निर्देश मिलते ही त्वरित कार्रवाई कर स्वराज के आधार कार्ड में सही जन्मतिथि दर्ज की गई और उसे नया आधार कार्ड जारी कर दिया गया। इस पर खुश होकर स्वराज मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में अपने नए आधार कार्ड के साथ पहुंचा। उसने उपस्थित अधिकारियों को मिठाई खिलाई और अपनी खुशी जताई। स्वराज के पिता जितेंद्र ने बताया कि आधार और मार्कशीट की जन्मतिथि में अंतर होने से कई दफ्तरों के चक्कर काटने पड़े थे। लेकिन जनसुनवाई में समस्या का समाधान होने से अब परिवार बेहद खुश है।

## सांसद पाटिल की मांग पर खंडवा सनावद मेमू ट्रेन गुरुपूर्णिमा पर्व को देखते हुए बुधवार, गुरुवार भी चलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



खंडवा सनावद मेमू ट्रेन इस बुधवार और गुरुवार को मेंटेनेंस के लिए भुसावल नहीं भेजकर इसका परिचालन जारी रखा जाएगा। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने डीआरएम भुसावल को पत्र भेजकर गुरु पुर्णिमा पर्व को देखते हुए मांग की थी जिसको सेंट्रल रेलवे मुंबई से मंजूरी मिल गई है। प्रवक्ता सुनील जैन और रेल समिति सदस्य मनोज सोनी ने बताया कि खंडवा में आगामी 9 और 10 जुलाई को दादाजी धूनीवाले दरबार में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की आगमन को देखते हुए सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने डीआरएम भुसावल इति पांडे को पत्र भेजकर दादाजी भक्तों की सुविधा के लिए खंडवा सनावद मेमू ट्रेन को इन दो दिनों के परिचालन को यथावत जारी रखने की मांग की थी। बुधवार और गुरुवार मेमू ट्रेन स्पेशल किराया से चलाई जाएगी। ट्रेन संख्या 01091/92/93/94 नंबर से चलाई जाएगी।

## बारिश में भीगे किसान, बाद में किया यूरिया खाद की 1577 बोरी का वितरण



**रहटगांव।** मंडी प्रांगण में खाद के लिए किसान परेशान होते रहे। खाद गोदाम के बाहर किसानों की लंबी कतार देखने को मिली। बारिश में पानी से किसान भीगते रहे। सुबह से खाद के लिए लंबा इंजतार किया। इसके उपरांत टिमरनी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी वीरेंद्र साहू द्वारा मौके पर पहुंचकर अतिरिक्त टेबल लगाकर, स्थानीय व्यापारी की मदद से खाद्य वितरण और तेजी से करवाया गया। जिस दौरान स्थानी कृषि विस्तार अधिकारी मुकेश मेहता एवं रहटगांव थाना प्रभारी के आदेश पर मौजूद स्टाफ मौके पर रहकर खाद का सुचारू रूप से वितरण करवाया गया। बताया कि इस दौरान 1577 बोरी का वितरण कराया गया।

## कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने किया रिकार्ड रूम का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले के राजस्व रिकार्डों का डिजिटलाइजेशन किया जाएगा। प्रथम चरण हरदा सहित 12 जिलों का राजस्व रिकार्डों का डिजिटलाइजेशन किया जाएगा। इस संबंध में मंगलवार को राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव विवेक पोरवाल ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को आवश्यक निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित रिकार्ड रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर सतीश राय व संजीव नागु सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### जिले में विकास प्रक्रियाओं में नवाचार को दिया जा रहा बढ़ावा

# हृदय अभियान बना आदर्श उदाहरण, राज्य नीति आयोग ने की अभियान की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले में विकास प्रक्रियाओं में नवाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। नवाचारों की श्रंखला में हरदा जिले में स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा का संयुक्त हृदय अभियान आदर्श उदाहरण साबित हुआ। राज्य नीति आयोग ने भी इस अभियान की सराहना की है। जिले के स्वास्थ्य एवं शिक्षा के सूचकांकों में सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

हरदा जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण तथा शैक्षिक सेवाओं को हृदय अभियान अंतर्गत माताओं, बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाया गया। सभी हितग्राही माताएं और 18 वर्ष तक के बच्चों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया गया। मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु के आंकड़ों में कमी लाने और कुपोषण को कम करने के लिए एक साथ विशेष गतिविधियां चलाई गईं। इसके लिए घर-घर जाकर सर्वेक्षण कर जानकारी प्रदान करना, गर्भवती माताओं को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और




बालक-बालिकाओं को पुनः शिक्षा से जोड़ने जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियां चलाई गई। ऐसे गांवो का चयन किया गया जिनके स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा संबंधी सूचकांक पिछले कुछ वर्षों में न्यूनतम रहे।

गर्भवती माताओं का पंजीयन, टीकाकरण और हाई रिस्क महिलाओं का प्रबंध ग्राम और संस्था स्तर पर किया गया। जननी सुरक्षा योजना, प्रसूति सहायता योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की जानकारी तथा भुगतान संबंधी समस्याओं का शिविर लगाकर निराकरण किया गया। हृदय अभियान का परिणाम यह रहा कि बच्चों में कुपोषण से मुक्त कराने, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार, शाला त्यागी बच्चों को पुनः शाला में प्रवेश दिलाने में उल्लेखनीय सुधार हुआ। पोषण स्तर में सुधार के लिए कुपोषित बच्चों को फ्लेवर मुनगा ग्रेन्यूल पाउडर 10 ग्राम, दूध पाउडर 10 ग्राम के साथ प्रतिदिन दो बार दिया गया और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा अति कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाया गया। इस प्रकार 225 कुपोषित बच्चों में सुधार हुआ। स्वास्थ्य सर्वेक्षण के दौरान चिन्हित 739 गर्भवती माताओं का बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन किया गया। उनके समग्र आईडी बनाए गए। बैंकों में खाते खुलवाए गए। संस्थान प्रसवों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई। स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन से ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हुईं। टीकाकरण कार्यक्रम में चिन्हित गांवों के बच्चों को टीके लगाए गए। इनमें 38 बच्चे टिमरनी, 26 खिरकिया और 29 बच्चे हंडिया ब्लॉक में हैं।

## 24 घंटे की रामसत्ता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव



महिलाओं की 24 घंटे की रामसत्ता का आयोजन रहटगांव नगर में हुआ। जिसमें महिलाओं के द्वारा ढ़ोलक झांज की ताल पर भजन कीर्तन किया गया। नगर और विभिन्न गांव की महिलाओं के द्वारा रामसत्ता में शामिल होकर भजन कीर्तन किया। ऐसा बताते हैं कि रामसत्ता इंद्रदेव को मनाने के लिए कि जाती है जिसमें महिलाएं भजन कीर्तन करती हैं। मंगलवार सुबह कांकड़ा आरती से समापन हुआ। इस दौरान सविता, प्रगति, रितु,शांति, अर्चन, भारती, मीरा, बसंती, कृष्णा एवं नगर की विभिन्न महिलाएं शामिल हुईं।